54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.5°c अधिकतम 26.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:59, सूर्यास्त - 6:34 | वर्ष : 54/ अंक : 247 | सोमवार, 07 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, एकादशी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

पराई स्त्री और पराया धन जिसके मन को अपवित्र नहीं करते, तीर्थ उस व्यक्ति के चरण-स्पर्श करने की अभिलाषा करते हैं।

**अखिलेश यादव, मुंगेरी लाल के सपने देखना बंद कर दें, आगामी 20 वर्षों तक सपा, सत्ता में लौटने वाली नहीं : केशव प्रसाद मौर्य**



सपना तो इंडिया गठबंधन के सहारे प्रधानमन्त्री बनने का भी देखा जा सकता है....

# मस्जिद टूटने का दर्द बांटने जा रहे सांसद हरेन्द्र मलिक सहित दर्जनों सपाई हाउस अरेस्ट









**मुजफ्फरनगर, 6 सितम्बर (बु.)।** नियम-कानून के हिसाब से सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में मस्जिद गिराए जाने का मामला अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बेल्ट में तूल पकड़ता जा रहा है। दरअसल 2027 का चुनाव हो जाने के लिए पार्टियां अपने अलग-अलग दांव खेल रही हैं। कहीं सत्ताधारी भाजपा अवैध मस्जिदों को ध्वस्त कर अपने वोटबैंक को एक बार फिर यह दर्शा रही है कि हिन्दुत्व के लिए वह सदैव खड़ी रहेगी, वहीं सपा मुस्लिम वोटरों का दर्द बंटोरने के लिए आज सहारनपुर की ओर कूच करना चाहती थी। पूर्व घोषणा के अनुसार सपा प्रतिनिधि मण्डल सहारनपुर जाने के लिए तैयार था मगर पुलिस ने तड़के ही वरिष्ठ सपाईयों का घेराव कर लिया और सपाईयों के दिल के अरमां दिल में ही रह गए। सांसद हरेन्द्र मलिक सहित जिले के अन्य सपा नेताओं के घर के बाहर पुलिसकर्मी उन्हें नजरबंद कर बैठ गए हालांकि किसी प्रकार की कोई नोकझोंक व सख्ती नहीं हुई। सांसद हरेन्द्र मलिक ने मस्जिद टूटने का दिल से दुख व्यक्त करते हुए उक्त कार्रवाई की निंदा की। इसी क्रम में बुढ़ाना के सपा नेता नवाब इम्तियाज, भीम आर्मी के संगठन मंत्री नसीम, सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी आदि को हाउस अरेस्ट किया। हालांकि इस बीच सांसद हरेन्द्र मलिक का कहना है कि आज नहीं तो कल वे सहारनपुर जाएंगे तो जरूर, क्योंकि किसी भी धार्मिक स्थल को तोड़ने का कार्य निंदनीय है। आपको बता दें कि जल्द ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और उत्तर प्रदेश के दोनों दल हिन्दू-मुस्लिम आधार पर ही चुनाव जीतते व हारते हैं। चूंकि विपक्ष के पास फिलहाल कोई गर्म मुद्दा नहीं है मगर सहारनपुर मस्जिद का मुद्दा अब समाजवादी पार्टी भुनाने के मूड़ में है। हालांकि इससे पहले खुद मुजफ्फरनगर में ही रतनपुरी में ही फुलत मदरसे को हाल ही में तोड़ा गया था, जिसका किसी ने कोई विरोध नहीं किया मगर सहारनपुर में मस्जिद तोड़ने के मुद्दे को भुनाने के निर्देश सम्भवतः सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सपाईयों को दिये हैं, क्योंकि अखिलेश यादव ने अपने एक बयान में मस्जिद टूटने का दुख व्यक्त किया था और कहा था कि ऐसे लोग सनातनी नहीं हो सकते जो दूसरे धर्म के धार्मिक स्थलों को तोड़ रहे हैं। ऐसे में जनता ने यह सवाल भी खड़े किए थे कि अखिलेश जी सनातन की परिभाषा आप न ही बताएं तो बेहतर है। जब कार सेवकों पर आपकी ही पार्टी के आदेश पर गोलियां चलाई गयी थी और कई कार सेवकों को शहीद होना पड़ा था, तब आपके परिवार के किसी व्यक्ति द्वारा एक शब्द भी नहीं कहा गया था कि सनातनी लोग रामलला के लिए शहीद हुए हैं, उन पर कोई अफसोस जाहिर कर दे। जनता ने कमेंट सेक्शन में यह तक सवाल उठाए कि यह सब एक समुदाय के वोट बंटोरने के लिए किया जा रहा है। इसी तरह की सियासत पहले से ही समाजवादी पार्टी करती चली आई है। यदि आप सचमुच सनातनी हैं तो भूलवश एक बार राम मंदिर के दर्शन के लिए ही चले जाते। इसलिए सनातन की बात आप न ही करें तो बेहतर होगा। कुल मिलाकर आप अपनी चुनावी तैयारी कर रहे हैं, उसे बखूबी कीजिए और फिर वही हिन्दू-मुस्लिम की बात करके वोट बंटोरने की तैयारी कीजिए।

## सपा नेता नवाब इम्तियाज को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



**बुढ़ाना, 6 सितम्बर (बु.)।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज को बुढ़ाना पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। यह कार्रवाई रविवार की देर रात की गई। नवाब इम्तियाज के छोटे भाई सलमान इम्तियाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब 12: 30 बजे बुढ़ाना कोतवाली के सब इंस्पेक्टर अनुपम सारस्वत कांस्टेबल अजय चौधरी और कांस्टेबल गौरव कुमार के साथ कस्बे के मोहल्ला पीर शाह विलायत स्थित उनके आवास पर पहुंचे और उनके बड़े भाई नवाब इम्तियाज को हाउस अरेस्ट कर लिया। बताया जा रहा है कि नवाब इम्तियाज को अपने समर्थकों के साथ सहारनपुर जाना था, लेकिन पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया, जिससे उनका कार्यक्रम रद्द हो गया। सोशल मीडिया पोस्ट में इस कार्रवाई को निंदनीय और अलोकतांत्रिक बताया गया है। पोस्ट में लिखा गया है कि सरकार तानाशाही और दमन के रास्ते पर चल रही है, लेकिन दमन और हिरासत की कार्रवाई से देश का युवा डरने वाला नहीं है। लोकतंत्र में आवाज उठाने के अधिकार को दबाने से वह और अधिक बुलंद होती है। बताया गया है कि रविवार शाम को पुलिस उनके आवास से वापस लौट गई, वहीं इस पूरे मामले को लेकर अभी तक बुढ़ाना पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।


### समर्थकों ने कार्रवाई को बताया अलोकतांत्रिक

## आफत में आई दुष्कर्मियों की जान, पीतल ठोककर पकड़े गए तीनों भाईजान

**मुजफ्फरनगर, 6 सितम्बर (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र के एक गांव में जन्माष्टमी के दिन नाबालिग हिन्दू किशोरी को तीन मुस्लिम असामाजिक तत्वों ने अगुवा कर रातभर अपने पास रखा था। इस मामले का तुरन्त संज्ञान लेते हुए बघरा के यशवीर महाराज ने चेतावनी दी थी कि यदि 24 घंटे के अंदर आरोपी असामाजिक तत्वों को न पकड़ा गया तो वे असामाजिक तत्वों के घर के बाहर जाकर धरना देंगे। चेतावनी के बाद जन्माष्टमी के एक दिन बाद पुलिस सक्रिय हुई और शनिवार की रात एक मुख्य आरोपी समीर को गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल नाबालिग किशोरी ने समीर पर ही दुष्कर्म का आरोप लगाया था और उसके दो अन्य साथियों सलमान व अव्वलीन पर अगुवा करने का आरोप लगाया था। पीड़ित किशोरी के पिता ने पुलिस ने न्याय की गुहार लगाई और देर रात ही मामले ने तूल पकड़ लिया था। इस मामले में जरा भी देरी न करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने तुरन्त मामले का संज्ञान लिया और रात में ही कार्रवाई को अंजाम देना शुरू कर दिया गया। पहले मुख्य आरोपी समीर को पकड़ा गया और रविवार दोपहर स्वयं



कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और हाथोंहाथ आश्वासन दिया कि चंद घंटों में ही अन्य आरोपी भी पकड़े जाएंगे। आश्वासन के अनुरूप ही अगले तीन घंटे में पुलिस की ओर से सूचना आई कि सलमान और अव्वलीन के पैरों में पीतल ठोककर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि पुलिस के अनुसार सुबह पांच बजे ही उक्त घटना को अंजाम दे दिया गया था मगर इसका खुलासा दोपहर बाद किया गया। तीनों आरोपियों के पकड़े जाने के बाद परिवार की सांस में सांस आई और परिवार को न्याय मिलता दिखाई दिया। पूरे दिन पीड़ित परिवार के घर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा।



### पीड़ित परिवार का दर्द बांटने के लिए पूरा दिन लगा रहा नेताओं से लेकर समाजसेवियों का तांता

**मुजफ्फरनगर।** पीड़ित बेटी के परिवार में दिन निकलते ही सबसे पहले कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार परिवार को ढांढस बंधाने को पहुंचे और परिवार को न्याय दिलाने का पूर्ण आश्वासन दिया। इसके बाद रविवार को पूरा दिन परिवार का दर्द बांटने के लिए समाजसेवियों का तांता लगा रहा। वैश्य समाज के साथ-साथ हरेक बिरादरी के लोग पीड़ित परिवार का दर्द बांटने के लिए पहुंचे जिनमें भाजपा नेता गौरव स्वरूप, मूलचंद परिवार से ममता अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, श्रीमोहन तायल, कृष्ण गोपाल मित्तल, तरुण मित्तल, सत्य प्रकाश रेशू, शलभ गुप्ता, सुनील तायल, राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, सचिन सिंघल, विजय प्रताप, भूपेन्द्र गोयल, विपिन गुप्ता, राजकुमार, राहुल गोयल के संस, विजय गुप्ता, विकास कुमार, यश गोयल बोपाड़ा आदि पहुंचे। समाजसेवी बलराम तायल द्वारा पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की धनराशि सहायता के तौर पर दी गयी। समाज के सभी वर्ग के लोगों ने एक स्वर में पीड़ित परिवार की मदद के लिए आश्वासन दिया और कहा कि पूरा समाज उनके साथ कांधे से कांधा मिलाकर खड़ा है और हर सम्भव न्याय परिवार को हर हालत में दिलाया जायेगा।

## दिल्ली में 50 साल पुरानी बिल्डिंग गिरी, 5 की मौत: हादसे के वक्त पचास से ज्यादा लोग अंदर मौजूद थे



**नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को एक 5 मंजिला बिल्डिंग गिर गई। इसमें 5 स्टूडेंट्स की मौत हो गई। वहीं, 3 गंभीर रूप से घायल हैं। मामले में भवन स्वामी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जो इमारत गिरी वो 40-50 साल पुरानी थी। करीब 40-50 साल पुरानी बिल्डिंग में के बेसमेंट में पिछले 3 दिनों से काम चल रहा था। इमारत दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के पास है। इसमें ज्यादातर स्टूडेंट्स रहते हैं, जो हादसे के वक्त सो रहे थे। बिल्डिंग में हॉस्टल चलता था। चश्मदीदों के मुताबिक हादसे के वक्त छात्र कमरों में थे और बेसमेंट में खुदाई चल रही थी। 9 का रेस्क्यू कर लिया गया है। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि मलबे में कितने बच्चे फंसे हैं। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग में 20-25 कमरे थे और हर कमरे में 2 स्टूडेंट्स रहते थे। हादसे के वक्त अंदर 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। मलबे में दबे एक युवक ने अपना वीडियो बनाकर शेयर किया। उसने लोगों से रेस्क्यू की अपील की। घटनास्थल पर मौजूद एक युवक ने बताया कि यह युवक उसका दोस्त है। वह बार-बार फोन करके कह रहा है कि मुझे बचा लो। घटना दोपहर 1:30 बजे की है। स्थानीय लोग हथौड़े से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। मलबे में कुछ गाड़ियां भी दब गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मलबे के बगल में एक और बिल्डिंग गिरने की हालत में है। लेकिन लोगों को वहां से निकाल लिया गया है।

### अमित शाह कार्यक्रम रद्द कर लौटे

घटना की सूचना मिलने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गोवा में अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, एक कार्यक्रम को संबोधन के दौरान उन्हें ये सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने अपना भाषण तुरंत रोकते हुए, अपने सभी आगामी कार्यक्रम रद्द कर दिया। बताया गया है कि उन्होंने राहत और बचाव कार्य की स्थिति की जानकारी ली है। बता दें कि, नॉर्थ गोवा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पार्टी के नए ऑफिस 'अटल भवन' के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए गोवा पहुंचे थे। उन्होंने अपना कार्यक्रम रोक दिया और बीच में ही समारोह से चले गए।

## ट्रैफिक विभाग का पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइकों के खिलाफ चला अभियान, 14 साइलेंसर किए जब्त

**मुजफ्फरनगर, 6 सितंबर (बु.)।** शहर में सड़कों पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटा भरने और तेज पटाखों की आवाज से दहशत व ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के तहत करीब 14 ऐसी बुलेट मोटरसाइकिलों का भारी-भरकम चालान कर उनके साइलेंसर जब्त किए गए। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर पिकेट लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिन बुलेट मोटरसाइकिलों में कंपनी के साइलेंसर हटाकर अवैध रूप से तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए गए थे, उन्हें रोककर मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। चालान के साथ ही कई गाड़ियों से मॉडिफाइड साइलेंसरों को निकलवाकर सीज करने की प्रक्रिया की गई। ट्रैफिक पुलिस को देखकर कई बुलेट सवार गली-मोहल्लों की तरफ गाड़ियां मोड़कर भागते नजर आए। यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली पटाखों की आवाज से न केवल बुजुर्गों, मरीजों और बच्चों को भारी परेशानी होती है, बल्कि यह जानलेवा हादसों का कारण भी बनती है। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और यदि कोई दोबारा नियम तोड़ता पाया गया तो वाहन सीज करने की कार्रवाई भी की जाएगी।









### दिल्ली पहुंचीं सांसद इकरा हसन, आज सहारनपुर जा सकती है सपा टीम

**शामली, 6 सितंबर (एजेंसी)।** कैराना से सांसद इकरा हसन शनिवार रात पुलिस के पहरे से निकलकर दिल्ली पहुंच गईं। समाजवादी पार्टी ने हालात का जायजा लेने के लिए सोमवार को एक टीम सहारनपुर भेजने का फैसला किया है, जिसमें सांसद इकरा हसन का नाम भी शामिल है। यह टीम सोमवार को सहारनपुर जा सकती है। बता दें कि शुक्रवार रात सहारनपुर कलेक्ट्रेट के पास मस्जिद वाले मामले में जब इकरा हसन वहां जाने लगीं, तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया था। शनिवार को पूरा दिन उनके घर के बाहर पुलिस का पहरा लगा रहा। इस कार्रवाई से नाराज सांसद ने सरकार और प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया। उन्होंने मस्जिद तोड़े जाने की कार्रवाई को गलत बताया और कहा कि वे इसके खिलाफ हाईकोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ेंगी।

### मायावती ने आकाश आनंद को बसपा से निकाला?

**लखनऊ, 6 सितंबर (एजेंसी)।** बसपा की अध्यक्ष मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपना बायो बदला तो नई चर्चाओं को हवा मिल गई है। माना जा रहा है कि एक बार फिर वह पार्टी से बाहर हो गए हैं। पिछले हफ्ते तक बसपा में दूसरे नंबर की हैसियत रखने वाले चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर रहे भतीजे आकाश आनंद से मायावती ने अचानक पद छीन लिया। पद छीने जाते ही आकाश ने सोशल मीडिया पर अपना बायो बदलकर बसपा कोआर्डिनेटर से बसपा वर्कर लिख लिया था। आकाश आनंद ने सोशल मीडिया पर खुद को बसपा वर्कर से बसपा सपोर्टर लिख दिया है। तीन दिन में दूसरी बार हुए बदलाव को कई नजरिये से देखा जा रहा है।

## सहारनपुर कलेक्ट्रेट में ढहाई मस्जिद के नीचे कुआं मिला

**सहारनपुर, 6 सितंबर (एजेंसी)।** कलेक्ट्रेट परिसर में मस्जिद ढहाए जाने के बाद नीचे कुआं मिला है। यह 20 फीट गहरा और डेढ़ मीटर चौड़ा है। कुआं स्लैब (पत्थर) से ढंका था। प्रशासन ने कटर से पत्थर कटवाया तो कुआं दिखाई दिया। पुलिस ने इसे लोहे की चादर से ढंक दिया है, ताकि मलबा अंदर न जाए। कुआं कितना पुराना है? इसका पता लगाने के लिए प्रशासन ने अरकको बुलाया है। मौके पर भारी फोर्स तैनात है। बैरिकेडिंग करके किसी को वहां जाने नहीं दिया जा रहा। कलेक्ट्रेट परिसर में बनी मस्जिद को करीब 16 घंटे चले बुलडोजर के बाद पूरी तरह ढहा कर मलबा भी हटा दिया गया। शनिवार तड़के 4 बजे शुरू हुई कार्रवाई रात करीब 9 बजे तक चली। प्रशासन का कहना था कि मस्जिद सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनी थी। इसे पूरी कानूनी प्रक्रिया के साथ हटाया गया। मस्जिद की शिकायत करने वाले विकास त्यागी ने दावा किया- यहां पहले मंदिर रहा होगा। उसे तोड़कर मस्जिद बनाई गई। जांच होनी चाहिए। मस्जिद को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। सांसद चंद्रशेखर ने कहा- हम यह लड़ाई सदन, कोर्ट और सड़क पर लड़ेंगे। मस्जिद गिराने में इतनी जल्दबाजी क्यों की गई?

### राजभर ने अखिलेश से पूछा- वहां फातिहा पढ़ेंगे

मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पर लिखा- अखिलेशजी, सहारनपुर जाकर अवैध इमारत के मलबे के सामने फातिहा पढ़ेंगे? यूपी पूछ रहा है, बताइए न? शनिवार को 16 घंटे बुलडोजर चलाकर मस्जिद ढहाई गई थी। रविवार सुबह तक मलबा हटाया गया। प्रशासन का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बाद मस्जिद गिराई गई। मस्जिद पक्ष का आरोप है कि उसे हाईकोर्ट में अपील का मौका नहीं दिया गया। वकील बाबर वसीम ने कहा- कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। मुस्लिम धर्मगुरुओं और मस्जिद पक्ष का दावा है कि मस्जिद करीब 100 साल पुरानी थी। 70 साल पुराने वक्फ के दस्तावेजों में इसका जिक्र है।



### मुस्लिम धर्मगुरु बोले-100 साल पुरानी मस्जिद के लिए हाईकोर्ट जाएंगे

**सहारनपुर, 6 सितंबर (एजेंसी)।** मुस्लिम धर्मगुरुओं और मस्जिद पक्ष ने कार्रवाई पर सवाल उठाए। उनका दावा है कि मस्जिद करीब 100 साल पुरानी थी और कलेक्ट्रेट भवन से पहले से वहां मौजूद थी। उनका कहना है कि मस्जिद और कलेक्ट्रेट का खसरा नंबर एक ही है। ऐसे में सिर्फ मस्जिद को अवैध निर्माण कैसे माना गया? मुस्लिम पक्ष ने पुराने राजस्व रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों का हवाला देते हुए प्रशासन के दावे पर सवाल खड़े किए। उनका सबसे बड़ा सवाल कार्रवाई की टाइमिंग और कानूनी प्रक्रिया को लेकर है। उनका कहना है कि नगर मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद ऊपर की अदालत में जाने के लिए पर्याप्त मौका नहीं दिया गया। आनन-फानन रात में 6 बुलडोजर मंगा लिए और गिराकर मलबा हटा लिया। उनका सवाल है कि जब मामला अदालत में चुनौती देने योग्य था, तो हाईकोर्ट जाने का मौका क्यों नहीं दिया गया? अब मुस्लिम पक्ष इस मामले को हाईकोर्ट ले जाने की बात कह रहा है।

### सहारनपुर मस्जिद ध्वस्तीकरण पर अखिलेश यादव, मायावती, ओवैसी, चंद्रशेखर, इमरान, इकरा भड़के

**सहारनपुर।** कलक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद के ध्वस्तीकरण के बाद प्रदेश में सियासत गरमा गई है। प्रशासन की कार्रवाई के साथ ही विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर सरकार को घेरा।

### कोई अवैध बिल्डिंग नहीं छोड़ी जाएगी : संगीत सोम

**मेरठ।** भाजपा नेता संगीत सोम ने कहा सहारनपुर में मस्जिद का ध्वस्तीकरण नहीं किया गया। सहारनपुर में अवैध जमीन पर अवैध बिल्डिंग का ध्वस्तीकरण किया गया है। जिसके नीचे 400 साल पुराना कुआं निकला है। यूपी में होड़ लगी है कि मुसलमानों का आका कौन है? राहुल गांधी हैं, अखिलेश हैं या ओवैसी हैं? वहां अवैध बिल्डिंग गिराई गई है। यूपी में जितनी इस प्रकार की अवैध बिल्डिंग होंगी, वह सभी गिराई जाएंगी। कोई बिल्डिंग नहीं छोड़ी जाएगी।

### हमारे लिए यह काला दिन : मसूद

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में जाएंगे और कानूनी प्रक्रिया के तहत मस्जिद का मुआवजा भी लिया जाएगा। धार्मिक स्थल तोड़ा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे लिए यह काला दिन है। उन्होंने आमजन से धैर्य बनाए रखने की अपील की। सांसद इमरान मसूद एमएलसी शाहनवाज खान के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सांसद इमरान मसूद ने दावा किया कि संबंधित मस्जिद 1911 से पहले की है और आज भी इसके मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज मौजूद हैं। आरोप है कि प्रशासन को तमाम जानकारी और दस्तावेज उपलब्ध कराने के बावजूद कार्रवाई की गई। सांसद के मुताबिक आदेश में 30 दिन का समय दिया गया था। करीब 22 दिन की अवधि अभी बाकी थी। इसके बावजूद मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया।

## भोपा में बाहर मैडिकल स्टोर का बोर्ड और अन्दर चीनी का अवैध गोदाम

### भोपा के जौली में चीनी का स्टॉक मिलने से मचा हड़कंप, ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में सौंपा





**भोपा, 6 सितंबर (बु.)।** चीनी के दामों को नियंत्रित करने के लिए योगी सरकार द्वारा जमाखोरों पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेशों के बाद रविवार को भोपा थाना क्षेत्र के जौली गांव में मारे गए छापे में चीनी का बड़ा स्टॉक मिला है। जौली गांव में अवैध रूप से चीनी के भंडारण की सूचना पर नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में स्टॉक की जांच के बाद चीनी का स्टॉक ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दिया है। सोमवार को खाद्य विपणन विभाग की टीम द्वारा स्टॉक की जांच के लिए पहुंचेगी।

रविवार को भोपा पुलिस ने गांव जौली में भारी मात्रा में चीनी का स्टॉक रखा होने की सूचना मिलने के बाद मौके पर छापेमारी की। सूचना सही पाए जाने के बाद नायब तहसीलदार बृजेश कुमार को मामले की सूचना दी गई। चीनी के स्टॉक की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में तहसील विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। सूत्रों के अनुसार टीम को मौके पर ताजिम, सलीम और अन्नान के गोदामों में 181 कट्टों का बड़ा स्टॉक मिला है। टीम द्वारा चीनी के स्टॉक से संबंधित दस्तावेजों और अन्य बिंदुओं की जांच की गई और मामला संदिग्ध पाए जाने के बाद नायब तहसीलदार की मौजूदगी में स्टॉक को ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया गया। मामले को लेकर तीनों लोगों से पूछताछ जारी है। सोमवार को खाद्य विपणन विभाग की टीम मौके पर आकर जांच करेगी। चौकी प्रभारी सुमित चौधरी ने बताया कि नायब तहसीलदार की मौजूदगी में स्टॉक को ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दिया गया है सोमवार को संबंधित विभाग की टीम आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# बारिश ने बढ़ाई मुसीबत, जल भराव व कीचड़ ने किया बेहाल

**मुजफ्फरनगर, 6 सितंबर (बु.)।** लगातार दूसरे दिन रिमझिम फुहारों का दौर जारी रहते नगर समेत जिले भर में आज भी जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। इस दौरान अनेक स्थानों पर जल भराव और कीचड़ मुसीबत बन गया। हालांकि बारिश के चलते मौसम में ठंडक का अहसास हुआ। आज नगर में 27.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके साथ ही तापमान अधिकतम 26.2 और न्यूनतम 24.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। लगातार चल रही बारिश ने जन जीवन को

**नगर में 27.2 मिमी बारिश दर्ज, पारा 26.2 /24.5 डिग्री**

बुरी तरह प्रभावित किया है। सुबह से ही बौछारों के चलते सवेरे काम पर निकलने वाले हाकर्स और अखबारविक्रेताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। कभी तेज तो कभी हल्की बारिश के चलते रविवार का अवकाश होने के कारण लोग घरों में ही कैद रहे। इसके चलते बाजारों में रौनक फीकी रही। बारिश रुकने के बाद जरूर लोग दोपहर बाद बाजारों में निकले। बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में जलभराव की



स्थिति रही। सड़कों और निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानी हुई। रामपुरी, जनकपुरी आदि इलाकों में पानी का जमाव रहा। इसके अलावा शहर के तमाम मौहल्लों में गड्ढों में भरा पानी और कीचड़ आम आदमी के लिए मुसीबत पैदा करता नजर आया। निचली आबादियों में खास तौर से लोगों को परेशानी ेलनी पड़ी। हालांकि कम बारिश होने के कारण शहर में बहुत बड़ा जल भराव नजर नहीं आया। बारिश से गन्ने की फसल को विशेष फायदा मिल रहा है। खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने से सिंचाई की जरूरत कम होगी। धान, बाजरा, ज्वार और अन्य खरीफ फसलों में भी बारिश से लाभ मिल सकता है। खासकर जिन खेतों में सिंचाई की कमी थी, वहां बारिश से फसल को राहत मिली है। किसानों के लिए यह बारिश खाद और पोषक तत्वों के बेहतर उपयोग में भी सहायक हो सकती है। हालांकि लगातार और तेज बारिश से जलभराव वाले खेतों में फसलों को नुकसान भी हो सकता है। धान की फसल में अत्यधिक पानी लंबे समय तक भरा रहने पर पौधों की जड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने सोमवार को भी सुबह से दोपहर तक एक-दो दौर में हल्की से तेज बारिश और शाम को भी बारिश की संभावना जताई है। कम दबाव का क्षेत्र पूर्व-

# रतनपुरी में पुलिस मुठभेड़, पन्द्रह हजार के इनामी समेत दो हिस्ट्रीशीटर घायल

**बुढ़ाना, 6 सितम्बर (बु.)।** थाना रतनपुरी पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के दौरान 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश समेत दो शातिर हिस्ट्रीशीटर आरोपियों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी गोकशी के मामले में भी संलिप्त रहे हैं। मुठभेड़ के बाद आरोपियों के कब्जे से एक जीवित गोवंश, गोकशी के उपकरण, चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद किए गए।

पुलिस के मुताबिक शनिवार को रतनपुरी पुलिस ग्राम टोडा नगला मार्ग पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान चकरोड़ पर एक मोटरसाइकिल खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम जांच के लिए मोटरसाइकिल के पास पहुंची तो वहां मौजूद दो युवकों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्म समर्पण की चेतावनी दी, लेकिन आरोपियों ने फायरिंग जारी रखी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए।

पुलिस ने घायल आरोपियों की पहचान



रिजवान पुत्र बाबू और रिहान पुत्र बाबू, निवासी रियावली नंगला, थाना रतनपुरी के रूप में की। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, दो छुरी, दो दाव, लकड़ी के गुटके समेत दो 315 बोर और एक 12 बोर का तमंचा तथा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार रिजवान पर भोजपुर, गाजियाबाद में दर्ज गोवध और पशु क्रूरता के मुकदमे में 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। दोनों आरोपी रतनपुरी थाने के हिस्ट्रीशीटर बताए गए हैं। मामले में पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हनुमान अंश पार्ट-2 में दिखेगा नैनीताल का कैंची धाम : कमाई 107 करोड़ के पार

**नैनीताल, 6 सितंबर (एजेंसी)।** बाबा नीब करौरी के जीवन पर बनी फिल्म हनुमान अंश के पार्ट-2 की तैयारी शुरू हो गई है। फिल्म के डायरेक्टर डॉ. विशाल चतुर्वेदी ने इसकी घोषणा की है। पार्ट-2 में कैंची धाम की कहानी भी दिखाई जाएगी। बाबा 1960 के दशक की शुरूआत में कैंची पहुंचे थे और 15 जून 1964 को यहां हनुमान मंदिर व आश्रम की स्थापना हुई। जीवन के अंतिम वर्षों में कैंची उनका प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र रहा। डॉ. विशाल चतुर्वेदी 2006 के आसपास अपनी पोस्टिंग के दौरान कई बार कैंची धाम गए थे। यहीं उनका पहली बार नीम करोली बाबा की शिक्षाओं से परिचय हुआ। इस अनुभव का उन पर गहरा असर पड़ा और करीब दो दशकों बाद यही जुड़ाव 'हनुमान अंश' की कहानी की प्रेरणा बना। नैनीताल में भवाली के पास शिप्रा नदी के किनारे स्थित कैंची धाम बाबा से जुड़े प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में शामिल है। नैनीताल में उनसे जुड़े चार प्रमुख धाम बताए जाते हैं- कैंची धाम, काकड़ीघाट, हनुमानगढ़ी और भूमियाधार।


### धुरंधर का पिछला रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया

फिल्म हनुमान अंश बॉक्स ऑफिस पर पांचवें हफ्ते में भी मजबूत प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने हिंदी में 5वें शनिवार की सबसे बड़ी कमाई दर्ज करते हुए धुरंधर का पिछला रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। शनिवार फिल्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा कमाई वाला दिन भी रहा। सैकनिल्क के मुताबिक, हनुमान अंश ने पांचवें शनिवार को हिंदी भाषा में 16.50 करोड़ रुपए नेट का कलेक्शन किया। जबकि धुरंधर ने 5वें शनिवार को 11.75 करोड़ रुपए कमाए थे। हनुमान अंश ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 10 लाख रुपए नेट की ओपनिंग की थी। पहले दो हफ्तों में फिल्म ने करीब 1.50 करोड़ रुपए नेट कमाए। तीसरे हफ्ते में कमाई बढ़कर 10.40 करोड़ रुपए नेट हुई और चौथे हफ्ते में फिल्म ने 61 करोड़ रुपए नेट का कलेक्शन किया। पांचवें हफ्ते के पहले दो दिनों में ही फिल्म 26.25 करोड़ रुपए नेट कमा चुकी है। आगे भी इसके कलेक्शन में बढ़ोतरी की उम्मीद है। यह पहली भारतीय फिल्म बनेगी जिसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1 करोड़ रुपए से कम की ओपनिंग के बाद 100 करोड़ रुपए नेट क्लब में जगह बनाई है।

# योगी ने चित्रकूट में बाढ़ का हवाई सर्वे किया : 800 परिवारों को राहत किट बांटी

## बरेली में किचन-बेडरूम में घुटनों तक पानी भरा

**लखनऊ, 6 सितंबर (एजेंसी)।** सीएम योगी ने रविवार को चित्रकूट के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। मंदाकिनी नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों में रह रहे बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। करीब 800 प्रभावित परिवारों को 50-50 किलो की राहत किट बांटीं। इससे पहले, शनिवार को योगी ने वाराणसी में बाढ़ की स्थिति का हवाई सर्वे किया था। उधर, प्रदेश में मानसूनी बारिश का दौर लगातार जारी है। श्रावस्ती में भारी बारिश के कारण बाइपास का करीब 400 मीटर हिस्सा जलमग्न हो गया। बरेली में इतनी बारिश हुई कि घरों के किचन-बेडरूम में घुटनों तक पानी भर गया। बिजनौर में सड़कें और गलियां तालाब बन गईं। सरकारी अस्पताल में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया। लखीमपुर में बाढ़ प्रभावितों गांव में डीएम ट्रैक्टर से पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर और अयोध्या समेत प्रदेश के 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। प्रयागराज के दारागंज घाट पर शवदाह गृह में पानी भर जाने से लोगों को अंतिम संस्कार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। वाराणसी और कानपुर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी रिहाइशी इलाकों और घरों में घुस चुका है। लोग छतों पर जिंदगी काटने को मजबूर हैं।




## मुजफ्फरनगर के दो पशु चोर रेवाड़ी में गिरफ्तार

**रेवाड़ी, 6 सितंबर (एजेंसी)।** रेवाड़ी में नाहड़ चौकी पुलिस ने पशु चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के शामली जिले के कस्बा कैराना के मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी रिजवान उर्फ तेली के रूप में हुई है। जांच अधिकारी ने बताया कि गांव भड़गी निवासी अभय सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें बताया था कि 7 जनवरी की शाम भैंस को घर में बांधा था। सुबह उठकर देखा तो उसकी 4 भैंस गायब मिली। आसपास पता करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। रात को अज्ञात व्यक्ति घर से भैंस को चोरी कर ले गया। शिकायत मिलने पर कोसली थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के गांव बघरा निवासी रिजवान और हसैनपुर निवासी नदीम को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की गई पूछताछ में रिजवान उर्फ तेली का नाम सामने आया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। अब पुलिस को उसके दूसरे साथियों और चोरी किए गए पशुओं की तलाश है।

## अनोखी चोरी, रतनपुरी में शराब की दुकान का ताला टूटते ही नाचने लगा चोर

**मुजफ्फरनगर, 6 सितम्बर (बु.)।** रतनपुरी से एक अनोखी चोरी का वीडियो सामने आया, जिसमें रतनपुरी थाना क्षेत्र के अंदर ग्राम मंडावली बांगर स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर 2 पेटी देशी शराब, 1 पेटी बीयर बडवाइजर व 12 क्वाटर एंडीक्यूटी ब्लू तथा 9 हजार रुपये चोरी कर ली। उक्त ठेके का स्वामी रवि कुमार पुत्र लेखराज बिजनौर निवासी है, जिसकी तहरीर पर रतनपुरी पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर 02 टीमें गठित करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। उक्त चोरी में अनोखी बात यह दिखी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ कि जब चोर चोरी करने आते हैं, जैसे ही शराब की दुकान का ताला टूटता है, तो तीन चोरों में से एक चोर सफलता हासिल होती देख नाचने लगता है। उक्त वीडियो देखकर हंसी भी आ रही है और चोरी की घटना पर अफसोस भी हो रहा है। नाचने वाले चोर ने सिर पर अपनी शर्ट रखी हुई है और मस्ती में झूमता हुआ शराब की दुकान के अंदर प्रवेश कर रहा है।



## पूनम ढिल्लों ने की मंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात

**नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के नई दिल्ली आवास पर दिग्गज अभिनेत्री पूनम ढिल्लों मुलाकात के



लिए पहुंची। सूत्रों के अनुसार किरेन रिजिजू के सरकारी आवास पर गर्मजोशी से पूनम ढिल्लों का स्वागत हुआ। मंत्री रिजिजू ने पूनम ढिल्लों को एक बेहद प्रतिभाशाली और लोकप्रिय अभिनेत्री बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ...बेहद प्रतिभाशाली और लोकप्रिय अभिनेत्री से बातचीत करना और उनके साथ गर्मजोशी से संवाद करना सुखद रहा। इस मुलाकात में उनके साथ उद्योगपति अतुल गुप्ता भी मौजूद रहे।

# सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में हस्तक्षेप के विरोध में सभासदों ने दिए सामूहिक इस्तीफे

## नामित सभासद विशु पाल ने इस्तीफे को बताया ड्रामा

**जानसठ, 06 सितम्बर (बु.)।** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव पर कथित हस्तक्षेप से नाराज सभासदों ने शनिवार की देर रात बैठक कर सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का निर्णय लिया। उन्होंने जिलाधिकारी के नाम अपना सामूहिक इस्तीफा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. आबिद हुसैन को सौंपते हुए कहा कि निर्वाचित बोर्ड के सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर काले गेट के सामने ओर खतौली मौड़ से आगे लगाए गए फ्लैक्स बोर्ड का है। बताया गया कि नगर पंचायत बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राजमार्ग पर फ्लैक्स बोर्ड लगाए गए थे। इन पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, भारत रत्न एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह, चौधरी अजीत सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, क्षेत्रीय विधायक मदन भैया तथा लोकदल जानसठ चेयरमैन डॉ. आबिद हुसैन ओर पूर्व चेयरमैन डॉ. खालिद सहित अन्य लोगों के चित्र लगाए गए है। सभासदों के अनुसार, उक्त फ्लैक्स बोर्ड को लेकर नगर पंचायत के एक नामित सभासद द्वारा शिकायत की गई। शिकायत के बाद फ्लैक्स बोर्ड उतरवाने के आदेश से निर्वाचित सभासदों में रोष फैल गया। इसी के विरोध में सभासदों ने देर रात बैठक कर सामूहिक इस्तीफा देने का निर्णय लिया। उनका कहना है कि जब बोर्ड बैठक में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था, तो उसके क्रियान्वयन में हस्तक्षेप करना निर्वाचित बोर्ड के अधिकारों और गरिमा पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि यदि बोर्ड के सामूहिक निर्णयों को इसी प्रकार प्रभावित किया गया, तो निर्वाचित सभासदों के पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। सभासदों ने कहा कि सोमवार को सभी सभासद जिला अधिकारी उमेश मिश्रा से मुलाकात कर अपने पद से सामूहिक इस्तीफा प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान सभासद मोहम्मद अहसान, विशाल सैनी, सुशील कुमार, रुबीना अब्दुल्ला कुरैशी, विकास गुप्ता, कुसुम सैनी, मन्शूर अंसारी, सविता देवी, सत्यपाल प्रजापति, अफसाना अंसारी, गौरव भटनागर, अफसाना मलिक, राजन कुमार आदि मौजूद रहे। जबकि नाम इसका विशू पाल ने बताया कि सभासद द्वारा इस्तीफा देना उनका अपना निर्णय है, उन्हें गवर्नर के नाम इस्तीफा लिखकर देना चाहिए, जबकि बोर्ड की शिकायत पर उन्होंने कहा कि अभी तक पूर्ण रूप से बोर्ड नहीं हटाए गए हैं, वह मामले की पुनः शिकायत करेंगे, जब इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. आबिद हुसैन से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के कुछ सभासदों ने शनिवार की देर रात उन्हें त्याग पत्र सौंपे हैं, परंतु उनके द्वारा उन सभासदों को समझाने का प्रयास चल रहा है। सभी सभासद को बैठकर मामले को निपटाने का प्रयास किया जाएगा। उनका बोर्ड पूर्व की भांति ही कार्य करता रहेगा ऐसी उन्हें आशा है।



# कानपुर में करोड़पति दवा कारोबारी की हत्या : फ्लैट में घुसते 2 संदिग्ध नजर आए

**कानपुर, 6 सितंबर (एजेंसी)।** करोड़पति दवा कारोबारी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। फ्लैट के कमरे में फर्श पर खून से लथपथ शव मिला। पूरे कमरे में खून फैला था। पुलिस के मुताबिक, धारदार हथियार से गला रेता गया। शरीर पर नुकीली चीज से कई वार किए गए। घटना शहर के पॉश इलाके कल्याणपुर में रतन आर्बिट अपार्टमेंट की है। वारदात शनिवार रात 10:30 बजे से तड़के 3 बजे के बीच हुई। उस वक्त कारोबारी का बेटा, बहू और पोता पार्टी में गए थे। तड़के 3 बजे परिजन लौटे तो फ्लैट का मेन गेट खुला था। अंदर जाने पर 63 साल के कारोबारी का शव मिला। परिजनों ने पुलिस को फोन कर बुलाया। पुलिस ने घर में लगे उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें दो संदिग्ध घर में जाते दिखे। फुटेज के आधार पर दोनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस अपार्टमेंट के मेन गेट और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। अपार्टमेंट के एंट्री गेट रजिस्टर जब्त कर लिया है। परिजनों ने किसी तरह की रंजिश से इनकार किया है। हालांकि, पुलिस जांच में सामने आया कि कारोबारी ने कुछ दिन पहले ही नौकर को नौकरी से निकाला था। पुलिस नौकर की तलाश में जुटी गई है।



विनीत मनोचा, मृतक

## सांसद इकरा हसन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर 10 लोगों के खिलाफ शिकायत

**शामली, 6 सितंबर (एजेंसी)।** कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आदर्श मंडी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस से की गई शिकायत के मुताबिक, रोहित प्रधान और करीब 10 अन्य लोगों ने सोशल मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर सांसद इकरा हसन के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। आरोप है कि इन टिप्पणियों से सांसद की प्रतिष्ठा और सम्मान को ठेस पहुंची है। इस तरह की आपत्तिजनक पोस्ट और टिप्पणियों से सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने के साथ शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है। पुलिस से संबंधित पोस्ट और टिप्पणियों की वास्तविकता की जांच करने का अनुरोध किया गया है। शिकायत में पोस्ट करने वाले सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी जुटाने और इसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका की जांच कर कानून के तहत कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के साथ कथित आपत्तिजनक पोस्ट के स्क्रीनशॉट, सोशल मीडिया पोस्ट या प्रोफाइल के लिंक और अन्य साक्ष्य भी पुलिस को देते हुए सोशल मीडिया से आपत्तिजनक सामग्री हटवाने का अनुरोध किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एबीवीपी का प्रदर्शन, एमसीडी ऑफिस में जमकर हुई तोड़फोड़

**नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली के सत्य निकेतन में रविवार को हुई पांच मंजिला पीजी बिल्डिंग ढहने की घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने सिविक सेंटर स्थित एमसीडी मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एमसीडी कमिश्नर के इस्तीफे की मांग की। घटना में अब तक चार लोगों की मौत की पुष्टि दिल्ली पुलिस ने की है। कई छात्र अभी भी मलबे में फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एमसीडी की लापरवाही और अवैध निर्माणों पर अंकुश न लगाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। उन्होंने एमसीडी कमिश्नर इस्तीफा दो, सुरक्षित कैंपस हमारा अधिकार और लापरवाही नहीं स्वीकार जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कमिश्नर, जोनल कमिश्नर, एमसीडी चेयरमैन और मेयर के इस्तीफे की मांग की।

# अंकित बालियान हत्याकांड: 'ऐसा हश्र करेंगे, सोच भी न पाओगे, इनामी शूटर सत्यम के नाम से फिर दी धमकी

**शामली, 6 सितंबर (एजेंसी)।** हरियाणवी गायक अंकित हत्याकांड में एक लाख रुपये के इनामी वांछित शार्प शूटर करनाल निवासी सत्यम के नाम से लगातार धमकी भरे वीडियो वायरल किए जा रहे हैं। लगातार तीसरे दिन शनिवार को सत्यम-4 कादियान के नाम से बनाई गई आईडी से वीडियो शेयर लिखा है आज सब भाई रात 12 बजे तैयार रहना। कुछ बड़ा होने वाला है। ऐसा हश्र करेंगे कि तुम कभी सोच भी नहीं पाओगे। आज रात बहुत बड़ी चीज दिखाऊंगा। जय बाबाजी। एक अन्य वीडियो में कहा गया कि हम वह आदमी नहीं हैं कि किसी ने थप्पड़ मार दिया और पिट-पिटाकर घर बैठ गए। हम रोटी नहीं खा सकते भाई। जब तक बदला नहीं लेंगे, चैन से नहीं बैठेंगे। जिस दिन खरोंच भी आ गई, उस दिन घर में जाकर मारेंगे। वीडियो के बैकग्राउंड में गाना चल रहा है। शुक्रवार शाम छह बजे सत्यम के नाम से बनाई गई आईडी को अपडेट भी किया गया। वीडियो के बैकग्राउंड में गाना लगाकर कहा गया कि अभी हम सुधरे हैं, जल्द सबक सिखाएंगे। तीसरे वीडियो में कहा गया कि असलहा और बारूद से गाड़ी भरी पड़ी है, जहां कहोगे वहां गोली चलवा दूंगा। हमारे नाम पर वीडियो डाल रहे हैं तो स्टोरी लगा रहा हूं सामान की। अब पीछे नहीं हटेंगे। दिमाग हट गया तो वह हश्र करेंगे, जो सोच भी नहीं सकेंगे। शनिवार दोपहर बाद तीन बजे डाली गई पोस्ट में लिखा पुलिस आई थी घर पर, समय जंगल है, समय अपनी ताक में है, यहां बचेगा वहीं, जिसका अपनी ताकत है।

**हत्याकांड के बाद पानीपत पहुंचे थे आरोपी**

पुलिस के अनुसार जांच में पता चला है कि अंकित की हत्या के बाद शूटर पानीपत में अपने किसी रिश्तेदार के यहां पहुंचे थे। हालांकि, कुछ देर बाद ही वहां से चले गए थे। पुलिस रिश्तेदारों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में जिस-जिसकी भूमिका सामने आएगी, उस पर शिकंजा कसा जाएगा। एसपी एनपी सिंह के अनुसार सत्यम के नाम की आईडी से धमकी भरे वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। अब तक 20 आईडी सामने आ चुकी है। मामले की जांच की जा रही है। फर्जी वीडियो वायरल करने वालों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। लोगों से अपील है कि वे इस तरह के फर्जी वीडियो वायरल न करें।

### अंकित हत्याकांड में फर्जी पोस्ट पर साइबर थाने में 2 मुकदमे दर्ज

**शामली, 6 सितंबर (एजेंसी)।** गायक अंकित बालियान की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने का मामला सामने आया है। 26 अगस्त को चार बदमाशों ने अंकित की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी अकाउंट बनाकर हत्याकांड से जुड़ी गलत और भ्रामक जानकारी पोस्ट की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, कुछ अकाउंट से ऐसी बातें शेयर की जा रही हैं, जिनकी किसी अधिकृत स्तर पर पुष्टि नहीं हुई है। इससे लोगों के बीच भ्रम और डर की स्थिति बनने की आशंका है। मामले को गंभीरता से लेते हुए शामली साइबर क्राइम थाने में आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में दो केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस अब उन सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी जुटा रही है, जिनसे भ्रामक पोस्ट की जा रही हैं। साइबर टीम पोस्ट डालने वाले लोगों की पहचान के लिए संबंधित अकाउंट और उनकी गतिविधियों की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जिम्मेदार लोगों के नाम सामने आने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शामली पुलिस ने साफ किया है कि संवेदनशील मामलों को लेकर झूठी या भ्रामक जानकारी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। साइबर टीम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर रख रही है और संदिग्ध पोस्ट की निगरानी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अफवाहों से न केवल जांच प्रभावित हो सकती है, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी परेशानी खड़ी हो सकती है। इससे लोगों में बेवजह डर और तनाव पैदा होने का खतरा रहता है।

## कच्ची छत ढहने से पिता समेत तीन बेटियों की मौत, चौथी बेटी की हालत गंभीर

**कानपुर, 6 सितंबर (एजेंसी)।** कानपुर के भीतरगांव में रविवार सुबह साढ़े दस बजे एक भीषण हादसा हो गया। यहां अचानक एक कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। हादसे में गृहस्वामी मुकेश सिंह और उनकी चार बेटियों की मलबे में दबकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के हिरनी गांव में रविवार सुबह दो मंजिला कच्चा मकान ढह गया। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी 112 नंबर पर पुलिस को दी। ग्रामीणों की मदद से मलबे से मुकेश सिंह और उनकी तीन बेटियों माया, पल्लवी व नीतू को बाहर निकाला गया। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से मुकेश सिंह और उनकी तीन बेटियों माया, नीतू व पल्लवी को मलबे से निकालकर सीएचसी पतारा ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।


# दो करोड़ की साइबर ठगी के दस लाख वापस लौटाए

**मुजफ्फरनगर, 6 सितंबर (बु.)।** साइबर अपराधियों द्वारा की गई दो करोड़ की साइबर ठगी के दस लाख रुपए वापस करा दिए हैं। मामले में अब तक 1.14 करोड़ रुपये वापस कराए गए हैं। हालांकि नेटवर्क का खुलासा करने में पुलिस जुटी हुई है।

नई मंडी क्षेत्र के पटेल नगर निवासी कुशाग्र अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके नाम और फोटो का दुरुपयोग करते हुए उसके अकाउंटेंट को व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया और खुद को कारोबारी बताकर करीब दो करोड़ रुपये की धनराशि एसबीआई बैंक खाते से ट्रांसफर करा ली। मामला दर्ज होने पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए ठगी की रकम को अलग-अलग बैंक खातों में होल्ड कराया। पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के चलते अब तक 1 करोड़ 14 लाख रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए जा चुके हैं। रविवार को भी पीड़ित के खाते में 10 लाख रुपये वापस कराए गए। इससे पहले 2 सितंबर को 1 करोड़ 4 लाख रुपये की धनराशि वापस कराई गई थी। 20 जुलाई 2026 को कुशाग्र अग्रवाल ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही साइबर क्राइम थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस द्वारा संबंधित बैंकों और साइबर फ्रॉड से जुड़े माध्यमों पर कार्रवाई करते हुए ठगी की गई रकम में से 1 करोड़ 23 लाख रुपये दो दर्जन से अधिक बैंक खातों में होल्ड कराए गए। इस कार्रवाई से ठगी की रकम का एक बड़ा हिस्सा आगे ट्रांसफर होने से बच गया। इसके बाद पुलिस ने बैंकिंग प्रक्रिया के माध्यम से होल्ड रकम को पीड़ित के खाते में वापस कराने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस के मुताबिक होल्ड कराई गई रकम में से 2 सितंबर 2026 को 1 करोड़ 4 लाख रुपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए गए थे। इसके बाद पुलिस की लगातार कार्रवाई के परिणामस्वरूप 6 सितंबर को एक बार फिर 10 लाख रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए गए। इस तरह अब तक इस साइबर ठगी के मामले में कुल 1 करोड़ 14 लाख रुपये पीड़ित को वापस मिल चुके हैं।

## मेलोनी ने बनाया इटली की सबसे लंबे समय तक पीएम रहने का रिकॉर्ड, पीएम मोदी ने कहा- मेरी दोस्त को बधाई

**नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसी)।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने देश के युद्ध के बाद अब तक लगातार प्रधानमंत्री पद पर



रहने का रिकॉर्ड बना लिया है। इस खास उपलब्धि पर पीएम मोदी ने मेलोनी को बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, "इटली के युद्ध- बाद के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने पर मेरी मित्र प्रधानमंत्री मेलोनी को बधाई। यह उपलब्धि उनके नेतृत्व में इटली की जनता के भरोसे और विश्वास को दर्शाती है।

## सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस डिरेल: कई ट्रेनें घंटों लेट

**कानपुर, 6 सितंबर (एजेंसी)।** ट्रेन नंबर 15483 सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस को कानपुर दोपहर 12:50 बजे पहुंचना था, लेकिन यह करीब 3 घंटे 50 मिनट की देरी से शाम 4:40 बजे पहुंची। वहीं 15733 फरक्का एक्सप्रेस भी करीब तीन घंटे की देरी से चली। 12505 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस का संचालन भी करीब चार घंटे प्रभावित रहा। दोपहर तीन बजे कानपुर पहुंचने वाली यह ट्रेन शाम करीब सात बजे स्टेशन पहुंची। हादसे के कारण पटना-कोटा एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से देरी से चली। एक के बाद एक ट्रेनों के प्रभावित होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। प्लेटफॉर्म पर यात्री ट्रेन के आने का इंतजार करते रहे और बार-बार उसकी स्थिति की जानकारी लेते नजर आए।

## फोन पर दूसरे से बात कर रही थी, लव मैरिज के 2 महीने बाद पत्नी की हत्या

**कानपुर, 6 सितंबर (एजेंसी)।** कानपुर देहात में एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पति-पत्नी में फोन पर बात करने को लेकर झगड़ा हुआ था। पति को लगता था कि पत्नी का किसी से अफेयर चल रहा है। इसी बात को लेकर दोनों में मारपीट हुई। इसके बाद पति ने पत्नी के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो पत्नी बेड पर पड़ी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पत्नी को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र का रविवार सुबह 9 बजे का है। महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आरटीओ ऑफिस के पास रहने वाली सपना (28) पहले मुस्लिम थी। अपने घर के पास रहने वाले गजेंद्र (30) से शादी करने के बाद उसने हिंदू धर्म अपना लिया था। इसके बाद दोनों ने 2 महीने पहले ही लव मैरिज की थी। पति-पत्नी दोनों मजदूरी करते थे। गजेंद्र की यह दूसरी शादी थी, वहीं सपना ने तीसरी शादी की थी। विवार को सपना अपने कमरे में फोन पर किसी से बात कर रही थी। जब गजेंद्र कमरे में पहुंचा, तो सपना ने फोन काट दिया। यह देखकर गजेंद्र नाराज हो गया। वह सपना से फोन मांगने लगा, लेकिन उसने फोन देने से मना कर दिया। इसके बाद दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। कुछ ही देर में दोनों में मारपीट होने लगी। गुस्से में गजेंद्र ने सपना के सिर पर लोहे की रॉड मार दी। इससे सपना के सिर पर गंभीर चोट लग गई।



सपना, मृतक

# फर्नीचर शोरूम में भीषण आग, 50 लाख रुपये का नुकसान, परिवार को बचाया; चार्जिंग पर लगी थी स्कूटी

**देवबंद, 6 सितंबर (एजेंसी)।** देवबंद के मजनूवाला रोड पर आजाद भारत फर्नीचर हाउस में रविवार सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही शोरूम में रखा लाखों रुपये कीमत का फर्नीचर समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। दमकलकर्मियों ने ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इमलिया गांव निवासी अमीर आलम का मजनूवाला रोड पर फर्नीचर शोरूम है। वह परिवार के साथ शोरूम की ऊपरी मंजिल पर रहते हैं। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 6.30 बजे राहगीरों ने फर्नीचर शोरूम में आग की लपटें उठी देखकर शोर मचा दिया। परिवार के लोग जान बचाने के लिए कमरों में इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई और दमकल विभाग को फोन पर मौके पर बुला लिया। साथ ही लोगों की मदद से शोरूम में फंसे सभी चार-पांच लोगों को बगल के मकान पर सीढ़ी लगाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग इतनी भीषण थी कि देवबंद के अलावा सहारनपुर और हापुड़ से ड्यूटी में आई दमकल विभाग की गाड़ियों को भी मौके पर बुलाया गया। अग्निशमन विभाग के प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। वहीं, शोरूम के मालिक अमीर आलम ने बताया कि आग लगने से उनका करीब 50 से 60 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

